SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25

Worksheet-13

NAME:______________ **SUBJECT: HINDI**

CLASS 7 DIV :______ **Ls.16 वाच्य**

Prepared By: Suman Yadav **Given date -**

Prepared date -5/12/2024

वाच्य - क्रिया के जिस रूप से यह जाना जाए कि क्रिया द्वारा किए गए विधान (कही गई बात)का विषय कर्ता है,कम है, या भाव है, उसे वाच्य कहते हैं।

वाच्य के भेद वाक्य के तीन भेद हैं – १. कृतवाच्य -इसमें कर्ता की भूमिका प्रमुख होती है। क्रिया कर्ता के अनुसार होती है। कर्ता का जो पुरुष, लिंग और वचन होगा, क्रिया उसी के अनुसार होगी ।

जैसे- धोबी कपड़े धोता है।

२.कर्मवाच्य -इसमें क्रिया का रूप कर्म के अनुसार होता है। इसमें हमेशा सकर्मक क्रिया होती है क्योंकि अकर्मक क्रिया का कर्म होता है ही नहीं ,

जैसे - कपड़े धोबी द्वारा धोए जाते हैं

३.भाववाच्य-इसमें कर्ता तथा कर्म की प्रधानता ना होकर क्रिया या भाव की प्रधानता होती है।इसमें अकर्मक क्रिया होती है।

जैसे -मुझे चला नहीं जाता।

वाच्य में परिवर्तन

कृत वाच्य से कर्मवाच्य बनाने के लिए कर्ता तथा कर्म का स्थान परिवर्तन वक्ता पर निर्भर करता है ।

जैसे - क)गीत मुकेश द्वारा गया जाता है ।

ख)मुकेश के द्वारा जीत गया जाता है।

कृत वाच्य से भाववाच्य -

कर्ता के बाद से के द्वारा द्वारा प्रसार को जोड़ दिया जाता है जैसे -

कृत वाच्य - हम इतना कष्ट नहीं सह सकते।

भाववाच्य - हमसे इतना कष्ट नहीं सहा जाता।

कर्म वाच्य से कृत वाच्य

कर्मवाच्य से करण कारक की विभक्ति से के द्वारा हटा दिया जाता है।

जैसे - कर्मवाच्य-प्रधानाचार्य द्वारा पोस्ट पुरस्कारों की घोषणा की गई |

कृत वाच्य- प्रधानाचार्य ने पुरस्कारों की घोषणा की।

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए |

१) क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि वह कर्ता, कर्म और भाव में किसके अनुसार प्रयोग की गई है, वह क्या कहलाता है?

क. अलंकार   ख. वाच्य   ग. छंद घ. समास

२) वाच्य कितने प्रकार के होते हैं?

क. दो   ख. तीन   ग. चार   घ. छह

३) निम्न में से कौन-सा वाच्य का भेद नहीं है?

क. कर्तृवाच्य   ख. कर्मवाच्य   ग. क्रियावाच्य   घ. भाववाच्य

४) जिस वाच्य में क्रिया कर्ता के लिंग, वचन के अनुसार प्रयोग की जाती है, वह है-

क. कर्तृवाच्य   ख. कर्मवाच्य   ग. भाववाच्य   घ. सभी

५) कर्ता के साथ से/के द्वारा का प्रयोग कब होता है ?

क. कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य बनाने पर

ख. कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य बनाने पर

ग. कर्तृवाच्य से भाववाच्य बनाने पर

घ. भाववाच्य से कर्तृवाच्य बनाने पर

६) निम्न में से कौन-सा उदाहरण कर्मवाच्य से संबंधित है ?

क. वह चलता है।   ख. उसके द्वारा पुस्तकें खरीदी गईं।   ग. रमेश से चला नहीं जाता।   घ. मैं खेलता हूँ।

७) कर्मवाच्य में क्रिया किसके अनुसार प्रयुक्त की जाती है ?

क. कर्म   ख. भाव   ग. कर्ता   घ. क्रिया

SUB.TEACHER   HOD   CO ORDINATOR   PRINCIPAL